हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 2 मार्च, 2016/12 फाल्गुन, 1937 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 9

दूरसंचार सुविधा

1173 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अभी भी पिछड़े इलाकों में दूरसंचार की सुविधा नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक यह सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

आयुर्वैदिक अस्पताल/औषधालय

1174 **श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में जिला चम्बा में कितने आयुर्वैदिक अस्पताल हैं; ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार दें;

(ख) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र में आयुर्वैदिक अस्पतालों में डॉक्टर व अन्य स्टाफ के रिक्त पद कब तक भर दिए जाएंगे; और

(ग) सरकार इस क्षेत्र की ग्राम पंचायत चोली कोहल व खजुआ जुन्गरा में आयुर्वैदिक औषधालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

पेयजल योजनाएं

1175 **श्री हंस राज (चुराह)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न ग्राम पंचायतों में नई पेयजल योजनाएं जनहित में स्वीकृत करने का विचार रखती हैः-

(i)ग्राम पंचायत चीह- पन्झेई;

(ii)ग्राम पंचायत लह्सुई;

(iii)ग्राम पंचायत आयल;

(iv)ग्राम पंचायत थलीगड्फ्री, भराडा व टिकरीगढ़;

(v)ग्राम पंचायत गड्फरी;

(vi)ग्राम पंचायत बोंदेडी;

(vii)ग्राम पंचायत कोहल;

(viii)ग्राम पंचायत कंदला;

(ix)ग्राम पंचायत बैरागढ;

(x)ग्राम पंचायत देविकोठी;

(xi)ग्राम पंचायत देहग्रां;

(xii)ग्राम पंचायत संधि;

(xiii)ग्राम पंचायत पज्जेई; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

उठाऊ सिंचाई योजना

1176 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उठाऊ सिंचाई योजना (ZONE NO.-5 STAGE-II) का कार्य पूर्ण होने के पश्चात भी लोगों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना से पानी न मिलने के क्या कारण हैं; विवरण दें?

अनुसूचित जाति उप-योजना

1177 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं आती हैं; विवरण दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत इस योजना की कितनी योजनाएं स्वीकृत की गई; विवरण नाम सहित दें ?

पदपूर्ति

1178 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (PHC) झुंगी में Lab Technician का पद कब से रिक्त है; और

(ख) इस रिक्त पद को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

साडा के अन्तर्गत सुविधाएं

1179 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में जिला कुल्लू के अन्तर्गत कौन-कौन से क्षेत्र SADA के अन्तर्गत लाए गए;

(ख) सरकार द्वारा इन क्षेत्रों हेतु क्या विकास योजनाएं तैयार की गई; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) स्थानीय लोगों पर SADA के कौन-कौन से नियम लागू होते हैं, प्रति सभा पटल पर रखें; और

(घ) सरकार इन क्षेत्रों में कौन-कौन सी सुविधाएं प्रदान करती है; ब्यौरा दें?

टी0डी0 हेतु आवेदन

1180 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2016 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने व्यक्तियों ने T.D. हेतु आवेदन किया; ब्यौरा नाम व पते सहित वर्षवार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान कितने व्यक्तियों को T.D. स्वीकृत की गई; ब्यौरा व्यक्तियों के नाम, TD. की किस्म का वर्षवार दें; और

(ग) वर्तमान में T.D. स्वीकृत करने के क्या मापदण्ड हैं; विवरण दें?

धनराशि का भुगतान

1181 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में वन निगम में जंगलों से लकड़ी निकालने हेतु कितने ठेकेदार पंजीकृत हैं; ब्यौरा नाम सहित मण्डलशः दें;

(ख) निगम द्वारा इन ठेकेदारों को कितनी-कितनी धनराशि कब-कब से देय है; और

(ग) इन ठेकेदारों को समय पर देय राशि का भुगतान न करने के क्या कारण हैं ?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 15 फरवरी, 2016 . **सचिव।**